3 राजधानी
उफ! मई में ऐसी तपिश

8 अभिमत
प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की कमियां

13 विदेश
वेनेजुएला में गुइदो का शीर्ष सहयोगी गिरफ्तार

15 स्पोर्ट्स
हार के साथ फेरर ने टेनिस को कहा अलविदा

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 9 अंक 199
लखनऊ, शुक्रवार, 10 मई, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

मेरे लिए आम किरदार निभाना जरूरी है
विविध-16

www.dailypioneer.com

लापता बुक डिजाइनर का शव गोमती में मिला

लखनऊ(पीएनएस)। राजधानी के गोमतीनगर थाना क्षेत्र में एक दिन पहले लापता बुक डिजाइनर का शव गोमतीनदी में उतराता मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराई। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 5/324 विरामखण्ड गोमतीनगर निवासी रेशमा सिद्दीकी पुत्री अहमद सिद्दीकी ने बताया कि उनका बड़ा भाई इश्तियाक अहमद सिद्दीकी बुक डिजाइनिंग का काम करता था। बीते बुधवार को वह अपनी पत्नी अजरा सिद्दीकी से शाम को यह कहकर निकला था कि वह जीवन प्लाजा कांपलेक्स तक जा रहा है। अभी वापस आ जाएगा। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं आया तो गोमतीनगर थाने में गुमशुदुगी दर्ज कराई गई। गुरुवार को पुलिस से सूचना मिली कि गोमतीनदी रिवर फ्रंट के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। उसी आधार पर अजरा मौके पर पहुंची और उन्होंने मृतक की पहचान अपने पति इश्तियाक के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की एक 17 साल की बेटी भी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का लग रहा है। मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं थे। फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। खुदकुशी के कारणों का पुलिस पता लगा रही है।

एक दिन पहले दर्ज हुई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट